RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



**13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के**

**अब 14 वें वर्ष की ओर**

**पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह**






Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

वर्ष-14 अंक-20 | अम्बिकापुर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# नहीं थम रही मणिपुर हिंसा, स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलीबारी में एक की मौत, तीन घायल

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थम नहीं रही है। बिष्णुपुर जिले में सुरक्षाबलों के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले के एक दिन बाद रविवार को दो समुदायों के ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल लोग हो गए।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ग्राम स्वयंसेवकों के सशस्त्र कैडरों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से इंफाल पश्चिम जिले के कौत्रुक गांव पर हमला किया। इसके बाद सीमावर्ती गांव में तैनात स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की। निकटवर्ती कडांगबंद और सेनजाम चिरांग गांव भी गोलीबारी की जद में आ गया।



पुलिस अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी में 'पम्पी' नाम से जाने जाने वाले मोर्टार गोले का भी इस्तेमाल किया गया। इस बीच कांगपोकपी जिले की आदिवासी एकता समिति ने रविवार दोपहर से जिले में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। समाजार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए संयुक्त केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों की टुकड़ी क्षेत्र में पहुंच गई है।

### सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

इससे पहले बिष्णुपुर जिले में शनिवार तड़के आईआरबीएन (इंडिया रिजर्व बटालियन) के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए। हमले में दो अन्य जवान घायल हुए हैं। उग्रवादियों ने कैंप को निशाना बनाते हुए पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध गोलीबारी की। उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फट गया।

### सीआरपीएफ जवान की आईआरबीएन कैंप थी तैनाती

सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन कैंप की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। इस हमले में प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों की पहचान असम के कोकराझार जिले के निवासी सब-इंस्पेक्टर एन.सरकार और बंगाल के बांकुरा जिले के हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास गोलियों के छर्रे लगने से घायल हैं।

### दोषियों को बहुत जल्द दी जाएगी सजा- सीआरपीएफ महानिरीक्षक

वहींस एएनआई के अनुसार उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों के बलिदान के बाद सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि बहुत जल्द हमलावरों की पहचान की जाएगी और उन्हें दंडित किया जाएगा।



# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आज सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट

### 21 मार्च से जेल में बंद हैं दिल्ली के सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ़्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ 29 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

### केजरीवाल की याचिका 6 मई को हो सुनवाई

पिछले हफ्ते, आप सुप्रीमो की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति खन्ना की अगुवाई वाली पीठ को बताया था कि केजरीवाल की याचिका 6 मई को सुनवाई के लिए लगाई हुई है। जवाब में, जस्टिस खन्ना ने वरिष्ठ वकील से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए एक ईमेल भेजने को कहा था। इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय हुई।

### बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए मुझे गिरफ्तार किया गया

शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने नए हलफनामे में, आप सुप्रीमो ने अपनी गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी निंदा की है और कहा है कि यह चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी को अनुचित रूप से फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है।

### ईडी के नौ बार तलब किए जाने के बावजूद पेश नहीं हुए

इस बीच, ईडी के जवाबी हलफनामे में कहा गया कि केजरीवाल की याचिका में कोई दम नहीं है और उनके 'असहयोगात्मक रवैये' के कारण उनकी गिरफ्तारी जरूरी हो गई थी। हलफनामे में कहा गया कि केजरीवाल नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए और पूछताछ से बचते रहे। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया था, जिसमें एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी को 24 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा था।

# गुजरात के समंदर में कोस्टगार्ड का बड़ा ऑपरेशन, 600 करोड़ का ड्रग्स जब्त

**अहमदाबाद।** भारतीय कोस्ट गार्ड ने खुफिया जानकारी के आधार पर समुद्र में एक पाकिस्तानी नाव से 14 चालक दल के लोगों को हिरासत में लिया है। बोट की तलाशी के दौरान 600 करोड़ रुपए का लगभग 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया गया है।

### एटीएस और आईसीजी ने मिलकर पकड़ा

यह ऑपरेशन अंतर-एजेंसी समन्वय के जरिए हुआ है, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी), आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक-दूसरे का सहयोग किया है। ऑपरेशन को प्रभावित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों और विमानों को मिशन पर तैनात किया गया था।



### तीन सालों में 11 ऐसे सफल ऑपरेशन

आईसीजी जहाज राजरतन, जिस पर एनसीबी और एटीएस अधिकारी सवार थे, उन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान होते ही कोस्ट गार्ड को अलर्ट किया। जिसके बाद नशीली ड्रग्स से लदी बोट को कोस्ट गार्ड ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। पाक नाव को उसके चालक दल सहित पकड़ लिया गया है और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है। आईसीजी और एटीएस ने संयुक्त प्रयास से पिछले तीन सालों में 11 ऐसे सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

# जेपी नड्डा ने ममता बनर्जी को घेरा, किया वार, सीएम ने कांग्रेस, माकपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले पश्चिम बंगाल में सियासी हमले तेज हो गए हैं। सत्ता और विपक्ष एक दूसरे के खिलाफ वार करने का कोई मौका चूक नहीं रहे हैं।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बार फिर संदेशखाली के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरा। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और माकपा राज्य में भाजपा की मदद कर रही हैं।

### ममता बनर्जी की निर्ममता आई सामने

रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे नड्डा ने कहा कि संदेशखाली, ममता बनर्जी की निर्ममता और बर्बरता का संदेश चीख-चीख कर दे रहा है। ममता दीदी ने बंगाल को क्या बना दिया है? जहां रवींद्र संगीत गूंजना चाहिए था, वहां बम-पिस्तौल मिल रहे हैं। भाजपा पश्चिम बंगाल में 35 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेगी। नड्डा ने कहा कि संदेशखाली में जनता की रक्षा के लिए एनएसजी कमांडो को भी उतरना पड़ा। इसी से समझ सकते हैं कि राज्य सरकार ने किस तरह अराजकता फैला रखी है। मैं बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता से अपील करता हूं कि आप सभी संदेशखाली पर ममता बनर्जी से जवाब मांगे। संदेशखाली में महिलाओं की इज्जत-आबरू और उनकी जमीनें बचाने के लिए वहां गई जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर भी घातक हमला किया गया।

### मनीषियों ने की थी ऐसे बंगाल की कल्पना

भाजपा नेता ने कहा कि मैं समाचार पढ़ रहा था कि संदेशखाली में तलाशी के दौरान सीबीआइ ने तीन विदेशी रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक रिवॉल्वर, बंदूकें, कई गोलियां और कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या ममता बनर्जी जनता को डराकर, उनकी जान लेकर चुनाव जीतेंगी? क्या नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रवीन्द्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद जैसे मनीषियों ने ऐसे बंगाल की कल्पना की थी।

### जनता देगी ममता दीदी को जवाब

नड्डा ने कहा कि ममता दीदी, यदि आपको ऐसा लगता है कि आप ऐसा करके चुनाव जीत जाएंगी तो ये आपकी भूल है। जनता आपको इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि ममता सरकार में तृणमूल कांग्रेस के शाहजहां शेख जैसे असामाजिक तत्व संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व पर खतरा बने हुए हैं। महिलाओं के साथ जिस तरह का सलूक हो रहा है वह सच में बहुत ही संवेदनशील और कष्टदायी है।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### चुनाव आयोग से फिर ठनी

उद्धव ठाकरे की चुनाव आयोग से फिर ठन गई है। उनके नेतृत्व वाले गुट को आवंटित चिह्न 'मशाल' की थीम सांग में 'भवानी' का उल्लेख हुआ है। आयोग इसे हिन्दू धर्म की देवी का पर्याय मानते हुए बदलने को कहा है। चुनाव में धार्मिक संज्ञाओं, प्रतीकों, नारों आदि के उल्लेखों की सिद्धांतत- मनाही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अत- पार्टियों से अपेक्षा है कि वे किसी एक धर्म और उनके प्रतीकों के आधार पर प्रचार न करें। वोट न मांगें। इससे उस सर्वसाधारणता की भावनाओं की अवज्ञा हो जाती है, जिसका आदर संविधान का मूल अभिप्राय है। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि 'भवानी' नाम महाराष्ट्र, जिसमें इसके सभी धर्मो-विासों के नागरिक रहते आए हैं, वह छत्रपति शिवाजी के बलिदानों की पावन कर्मभूमि है, जिन्होंने 'भवानी' का नाम लिया है। शिवाजी माने महाराष्ट्र। इन्हीं शिवाजी के नाम पर उनके पिता बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना, जो पिछले साल बंट गई थी, की बुनियाद रखी थी। वे इस शब्द को नहीं बदलेंगे। उद्धव का यह रवैया आयोग से रार मोल लेने जैसा लगता है। इसलिए भी कि आयोग और न्यायालय ने बाला साहेब के मताधिकार को छह साल तक के लिए निलंबित कर दिया था। तब उन्होंने चुनावी भाषण में हिन्दू वर्चस्व के आधार पर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की वकालत की थी। पर उद्धव का मामला इससे भिन्न है। उन्हें आयोग से शिकायत है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर्नाटक विधानसभा चुनाव एवं गृहमंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश चुनाव में क्रमश- बजरंगबली के नाम पर बटन दबाने एवं चुनाव बाद राम मंदिर के मुफ्त दर्शन के उल्लेखों पर आंखें मूंद लेता है। इस बाबत लिखे गए उनके शिकायती पत्र का जवाब तक नहीं देता है। क्यों? इसका जवाब दिए बगैर उद्धव के विरु द्ध कोई कार्रवाई क्या मुनासिब होगी? आयोग समथरे को दोषी नहीं मानता है तो वह समदर्शी कैसे हो सकता है? फिर चुनाव दर चुनाव में लग रहे 'जय.राम' के नारे को क्या कहा जाएगा? दरअसल, 'मशाल' गीत के बोल और उसका संदेश शिकायत की एक बड़ी वजह है। इसमें 'तानाशाही' को खत्म करने की बात कही जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह मूल शिवसेना की थीम सांग की तरह लोगों को उद्धव गुट की तरफ खींचेगा। जिन वगरे को यह गीत संबोधित है, उसके आधार की एकमात्र प्रवक्ता आज कोई और पार्टी हो गई है। नोटिस का यह भी एक कारण है-उद्धव को लगता है। इनके बावजूद उन्हें नोटिस का तर्कपूर्ण उत्तर देना चाहिए। आयोग को भी इस पर विचार करना चाहिए।

# सीएम का बड़ा दावा, तीसरे चरण में भी भाजपा की जीत पक्की

## राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा में भाजपा बड़ी जीत की ओर

### आंधी-तूफ़ान के बीच चलती रही कापू में जनसभा

आज लगभग 12 बजे रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के धरमजयगढ़ स्थित पहाड़ी इलाके कापू पहुंचे विष्णु देव साय को आंधी-तूफ़ान का सामना करना पड़ा। बारिश भी होती रही मगर मुख्यमंत्री और जनसभा के लिए आई भारी भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। निर्विघ्न तरीके से मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन पूरा किया।

### कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया - साय

जांजगीर-चांपा के पहरिया में मुख्यमंत्री ने पूर्व भूपेश सरकार को महादेव एप घोटाले में घेरा। उन्होंने सरकारी संरक्षण और सहयोग से प्रदेश में चलाए गए सट्टे-जुए के कारोबार को छत्तीसगढ़ का दुर्भाग्य बताया। भूपेश बघेल को जिम्मेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है और एफआईआर भी दर्ज हुई है। बहुत से कांग्रेसी नेताओं के ऊपर न केवल एफआईआर है बल्कि ज्यादातर जेल की चक्की पीस रहे हैं। बड़े-बड़े अधिकारी जिन्होंने भ्रष्टाचार में सरकार का सहयोग किया उन्हें डेढ़-डेढ़ साल से जमानत नहीं मिल रही है। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी।





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माना एयरपोर्ट पर बयान दिया जिसमें उन्होंने कहा है कि कल द्वितीय चरण का मतदान संपन्न हुआ है छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा में मतदान हुआ है। करीब 74 प्रतिशत से ऊपर का ही मतदान हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बहुत अच्छा रुझान है। तीनों सीटों पर भाजपा की आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने फोन पर छत्तीसगढ़ लोकसभा मतदानों की जानकारी ली और हमने छत्तीसगढ़ के मतदानों को लेकर उन्हें सभी जानकारी दे दी है।

### भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के लिए बहुत कुछ

तूफानी दौरा करते हुए शाम को बिलासपुर के बेलगहना पहुंचे विष्णु देव साय ने यहाँ भी विशाल आमसभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। विष्णु देव साय ने रायगढ़ लोकसभा के लिए राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा के लिए श्रीमती कमलेश जांगड़े और बिलासपुर के लिए तोखन साहू के पक्ष में जमकर मतदान करने को कहा।

### सभाओं का जोर - विष्णु चहुँ ओर

गत बीस मार्च से आज 28 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में पैंतालीस जनसभाएं मुख्यमंत्री ने ली हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश और ओडिशा में छः आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी अगर देखें तो उन्होंने कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी है। सामाजिक सम्मेलनों की यदि बात करें तो लगभग 22 बड़े सामाजिक सम्मेलनों को विष्णु देव साय संबोधित कर चुके हैं। कुल मिलाकर चालीस दिन में 85 से ज्यादा बार उन्होंने जनता के समक्ष अपनी बात रखी है। मुख्यमंत्री अब तक जिन लोकसभाओं में चुनाव संपन्न हो चुके हैं वहां के प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक जनसभा ली है। कुल मिलाकर विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। आत्मविश्वास से भरपूर मुख्यमंत्री सभी ग्यारह लोकसभा सीट जीतने के पार्टी आश्वस्त लगते हैं।

### पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है - साय

कापू में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राहुल गांधी ही नहीं पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है। कांग्रेस की स्थिति यह है कि देश में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उसे प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेश में ही हजारों कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया है। यह सिलसिला लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के लिए अनुकूल स्थिति है और सभी ग्यारह लोकसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी। नक्सल मुद्दे पर दीपक बैज द्वारा यह कहे जाने पर कि प्रदेश सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं है के जवाब में श्री साय ने कहा कि हमारी नीति पूरी तरह स्पष्ट है। नक्सलवाद से हम मजबूती से लड़ रहे हैं। हमारे पास विकल्प खुले हैं। यदि नक्सली गोली-बारुद की भाषा बोलेंगे तो उसे उस भाषा में जवाब मिलेगा। यदि मुख्यधारा में शामिल होना चाहेंगे तो उनके लिए पुनर्वास नीति लागू होगी।

### विष्णु देव साय ने तीन लोकसभाओं में ली सभा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भी अपने चुनावी अभियान की तूफानी गति जारी रखी। रायगढ़ के कापू, जांजगीर-चांपा के पहरिया और बिलासपुर के बेलगहना में भारी जनसमूह के बीच उन्होंने कांग्रेस की जम कर धुलाई की। कांग्रेस शासनकाल को शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन और डीएमएफ घोटालों मे घेरा और कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूट कर कंगाल बना दिया। छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध को गढ़ बना दिया था। श्री साय ने केंद्र के दस वर्षों के विकास और छत्तीसगढ़ में तीन महीने में पूरी हुई मोदी की गारंटी पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। रायगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कापू में विष्णु देव साय ने हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत पीछे छोड़ दिया था। 36 वादे में एक भी वादे को उसने ठीक से पूरा नहीं किया। सिर्फ घोटाला किया। वे नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि यही कारण था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को आउट कर दिया और इस बार भी क्लीन बोल्ड होगी। अपने पुराने संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के धरमजयगढ़ (कापू) के लोगों से श्री साय ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा से लगातार 20 वर्ष सांसद बनने का मौका मिला। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के बीच आया हूँ और आप सभी से आग्रह करने आया हूँ कि हम सबको विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा। जिसके लिए आप सभी आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाएं और राधेश्याम राठिया जी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें।

# महादेव बेटिंग एप केस में एक्टर साहिल खान गिरफ्तार

## मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ से किया गिरफ्तार



**रायपुर।** महादेव बेटिंग एप केस मामले में इस वक्त की बड़ी कार्रवाई मुंबई पुलिस ने की है। महादेव बेटिंग ऐप केस में मुंबई पुलिस ने एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। एक्टर को छत्तीसगढ़ में हिरासत में ले लिया गया है, जहां से उन्हें मुंबई से ले जाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक खान द लायन बुक ऐप नाम के एक सट्टेबाजी ऐप से जुड़े हुए थे, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का भी हिस्सा है। मामले में पहले मुंबई पुलिस एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी। एक्टर ने जमानत के लिये कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई थी। वह लोटस बुक 24/7 नामक एक सट्टेबाजी ऐप वेबसाइट में भागीदार है, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है।

एक्टर पर लायन बुक ऐप को प्रमोट और उनके इवेंट्स अटेंड करने का आरोप लगा है। लायन बुक को प्रमोट करने के बाद उन्होंने बतौर पार्टनर लोटस बुक 24/7 ऐप लॉन्च किया। साहिल ऐप को बढ़ावा देने के लिए अपने रौब का इस्तेमाल करते थे। वो सिलेब्रिटीज को बुलाते थे और ग्रांड पार्टियों का आयोजन करते थे फिलहाल मामले की जांच जारी है. जल्द ही पुलिस केस कई और बड़े पहलुओं को सामने ला सकती है।

### कौन हैं साहिल खान?

एक्टर अकसर ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। एक्टर साहिल खान अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक्सक्यूज मी और स्टाइल जैसी फिल्मों में काम किया है। हालांकि, साहिल फिल्मों में कुछ कमाल नहीं कर सके। इसके बाद उनकी फिटनेस जर्नी शुरू हुई और वो फिटनेस इंफ्लुएंसर बन गए. साहिल डिवाइन न्यूट्रिशन नाम की एक कंपनी चलाते हैं, जो कि फिटनेस सप्लिमेंट्स बेचती है। इस साल फरवरी में उन्होंने अपनी दूसरी शादी के बारे में खुलासा किया था। एक्टर ने बताया कि उन्होंने रूस में सगाई के बाद उन्होंने मिलेना से शादी कर ली है।

# तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस ने झोंकी ताकत

### आज छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे राहुल गांधी, 30 को खड़गे और 2 मई को प्रियंका की होगी सभा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीट पर 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होना है. इन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. इस बीच कांग्रेस के स्टार प्रचारक और वायनाड सांसद राहुल गांधी सोमवार 29 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है. इस दौरान वे बिलासपुर से लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव के पक्ष में प्रचार करेंगे. बिलासपुर में राहुल की चुनावी सभा की तैयारियां पूरी हो चुकी है. सभा में राहुल कई बड़े वादे जनता से कर सकते हैं. बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण की 4 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है. इनमें बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद संसदीय सीट शामिल हैं. शेष जिन 7 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है, उनमें सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चांपा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग शामिल हैं.



### 30 अप्रैल को खड़गे और 2 मई को प्रियंका का दौरा

राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है. 30 अप्रैल को मल्लिकार्जुन खड़गे और 2 मई को प्रियंका गांधी कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने पहुंचेगी. बता दें कि इससे पहले पहले राहुल ने 13 अप्रैल को बस्तर में चुनावी सभा को संबोधित किया था. वहीं 21 अप्रैल को प्रियंका वाड्रा राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव व बालोद में जनसभा की थी।

# मतदाता जागरूकता पर बलौदाबाजार का फिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

## ट्रैक्टर रैली निकाली, महिलाओं ने दो लाख एक हजार पोस्टकार्ड लिखकर की मतदान की अपील

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन दिन-रात एक किए हुए हैं. इसी कड़ी में जिले की महिलाओं ने लगभग दो लाख एक हजार पोस्ट कार्ड लिखकर बलौदाबाजार-भाटापारा का नाम पुनः गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है।

कलेक्टर केएल चौहान के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में जागरूकता को लेकर जिले को दूसरी बार अवार्ड मिला है. इसके पहले टेक्टर रैली का आयोजन हुआ था, जिसमें कलेक्टर के नेतृत्व में 25 किमी तक 51 ट्रैक्टरों में ग्रामीण किसान महिलाएं स्काऊट गाइड के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली थी, जिस पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ था.



जिसके बाद जिले में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में महिलाओं ने दो लाख एक हजार पोस्टकार्ड लिखकर मतदान करने अपील की, जिसकी वजह से जिले को पुरुस्कार हासिल हुआ है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की राज्य प्रतिनिधि सोनल राजेश शर्मा ने बलौदाबाजार पहुंच महिलाओं के द्वारा लिखे गए पोस्टकार्ड का अवलोकन किया, और सही पाए जाने के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर केएल चौहान को पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

### जिले को सातवीं बार मिला पुरुस्कार

बलौदाबाजार भाटापारा जिले का नाम सातवीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है. इसके पहले सफाई अभियान, हेलमेट जागरूकता अभियान, बेटी बचाओ हस्ताक्षर अभियान, सहित विभिन्न जागरूकता अभियान में पुरुस्कार मिल चुका है. कलेक्टर चौहान ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले का नाम पुनः गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने पर सभी पोस्टकार्ड लिखने वाली महिलाओं के साथ जिले में मतदाता जागरूकता अभियान में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है. कलेक्टर ने कहा कि एक अच्छे टीम वर्क से यह संभव होता है. मैं बलौदाबाजार भाटापारा जिले के सभी मतदाताओं से अपील करता हूँ कि जिस तरह आप मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा ले रहे हैं, उसी तरह 7 मई को सभी काम छोड़कर मतदान करना है. आप सभी के शत-प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र मजबूत होगा साथ ही पुनः बलौदाबाजार भाटापारा जिले का नाम रौशन होगा. आप सभी मतदान अवश्य करें. इस जागरूकता अभियान में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित जिले के विकास खंडों के एसडीएम, जनपद सीईओ, महिला बाल विकास, पंचायत कर्मियों सहित ग्रामीण जनता का विशेष सहयोग रहा.



## भड़की महिला ने बैंक कर्मचारी को जड़े थप्पड़ पे थप्पड़

**खैरागढ़।** सोशल मीडिया के जमाने में वीडियो का वायरल होना आम बात हो गई है. आए दिन कोई न कोई वीडियो वायरल होता रहता है. वहीं बैंक कर्मचारी की पिटाई का एक वीडियो पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहा है. जिसमें एक महिला एक बैंक कर्मचारी को गालियां देते हुए थप्पड़ जड़ते नजर आ रही रही है।

बैंक कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली गलौज का वीडियो खैरागढ़ जिले के बकरकट्टा गांव का बताया जा रहा है. जहां महिला पंजाब एंड सिंध बैंक की बकरकट्टा ब्रांच में अपने पैसे लेने पहुंची थी. लेकिन बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा था. इसीबात को लेकर महिला और बैंक मैनेजर में विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई. इस घटना का वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया. हालांकि इस मामले में दोनों ओर से पुलिस ने कोई शिकायत नहीं की गई है.

## सीमावर्ती क्षेत्र से हाथियों का मूवमेंट जारी,150 के करीब हुई तादाद

**कुड़ेकेला।** जिले के सीमावर्ती इलाकों से धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत हाथियों की आमदरफ्त का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से कोरबा क्षेत्र से 7 हाथियों का एक दल बोरो रेंज अंतर्गत आया है। जिसके बाद अब डिविजन क्षेत्र में हाथियों की तादाद 149 हो गई है। सिर्फ छाल रेंज अंतर्गत 89 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है जिसमें से 80 हथियों का एक बड़ा समूह हाटी सर्किल क्षेत्र में मौजूद है। वहीं, हाटी जंगल के कंपार्टमेंट 562 आर एफ में 65 और 555 आर एफ अंतर्गत 13 का दल विचरण कर रहा है। इसके अलावा बोरो रेंज अंतर्गत कुल 43 हाथी मौजूद हैं जो 36 और 7 के दो ग्रुप में बंटे हुए हैं। इसके साथ ही कापू रेंज में 13 हाथी विचरण कर रहे हैं।

विदित है कि हाथियों के लगातार मूवमेंट की आशंकाओं के बीच क्षेत्र में मौजूद बड़े समूहों की लगातार निगरानी रखी जा रही है। हालांकि वर्तमान समय में क्षेत्र में हाथियों की बढ़ रही संख्या के बावजूद फसल नुकसान के कम मामले सामने आ रहे हैं लेकिन प्राभावित इलाकों के ग्रामीणों



में सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सचेत रहने की चिंता बनी हुई है। वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत करीब 150 की संख्या में हाथियों की उपस्थिति को लेकर वन विभाग द्वारा प्रभावित इलाकों के गांवों में अनवरत मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी तरह की विपरीत परिस्थितियों से बचने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### देर शाम की गई महादल की मॉनिटरिंग

रविवार की शाम धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत के दिशा निर्देश पर हाथी मित्र दल ने छाल रेंज अंतर्गत मौजूद 80 हाथियों के बड़े समूह के लोकेशन का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। छाल रेंज के कुड़ेकेला की ओर से 13 हाथियों का मूवमेंट हाटी सर्किल में हुआ है जिसके बाद सिर्फ हाटी क्षेत्र में 80 हाथियों के बड़े समूह की धमक बनी हुई है। इस वजह से विभाग द्वारा प्रभावित इलाकों में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त कवायद तेज कर दी गई है।

### सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य मार्ग किया गया बाधित

रविवार की शाम छाल रेंज अंतर्गत हाटी इलाके में विचरण कर रहे 80 हाथियों के महादल के रोड क्रॉस करने के दौरान हाटी के पास धरमजयगढ़ से खरसिया मेन रोड पर आवागमन कुछ समय तक अवरुद्ध किया गया। राहगीरों के सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा यह कवायद की गई। इस दौरान मौके पर पहुंची हाथी मित्र दल एवं विभागीय अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और किसी भी तरह की अनहोनी को टालने के लिए मुस्तैदी से डटे रहे।

## भाजपा महामंत्री का कांग्रेस के न्यायपत्र पर बयान

### कहा- विपक्षियों का घोषणापत्र पढ़ने के बाद ही निकाली खामियां



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस के न्याय पत्र वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हम पढ़ने लिखने में विश्वास रखते हैं. विपक्षियों का घोषणापत्र को पढ़ने के बाद ही खामियां निकली है. पढ़ने लिखने वाले लोग भाजपा में है बाकी का असर कांग्रेस में दिख रहा है। सैम पित्रोदा के बयान पर उन्होंने कहा कि किस तरीके से विरासत पर टैक्स लिया जाता है. जमा-पूंजी पर हमला किया जाता है. इस पर कांग्रेस जवाब दे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भारतीय संस्कृति से प्रेम नहीं है, इसलिए ब्रिटिशों और उनकी चीजों से हमेशा तुलना करती है. यही कांग्रेस का चरित्र है. दूसरे चरण के मतदान को लेकर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज देश में एक उत्साह है. आम जनता में उत्साह है. दो चरणों के मतदान की रिपोर्ट अच्छी हैं. कांग्रेस के वोटर और कार्यकर्ताओं में निराशा है. जो वोट पड़ रहे हैं वो भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक पड़े हैं।

## पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव पर रात्रि झगड़ा मारपीट कर रहे 5 बदमाशों को चक्रधरनगर पुलिस ने बलवा, लोक शांति भंग और प्रतिबंधात्मक धाराओं पर कार्रवाई कर भेजा जेल




**रायगढ़।** 27 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव के पास कुछ शरारती किस्म के युवकों द्वारा झगड़ा-लड़ाई, हुड़दंग करने की सूचना मिली । थाना प्रभारी द्वारा तत्काल क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे पेट्रोलिंग पार्टी को मरीन ड्राइव पहुंचने निर्देशित कर अतिरिक्त बल लेकर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे । जहां कुछ लड़के गाली गलौज करते हुए दूसरे पक्ष को लाठी डंडा से मारपीट कर धमकी दे रहे थे । पुलिस की गाड़ी की सायरन सुन कुछ लड़के इधर-उधर भागे । पुलिस ने मौके पर पांच युवकों को पकड़ा और थाने लाया गया । पकड़े गए बदमाशों द्वारा मौके पर भय और अशांति का माहौल बना रखे थे जिससे कोई शिकायत के लिए आगे नहीं आया। चक्रधर नगर पुलिस ने 8 आरोपियों के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 211/2024 धारा 147,290,294 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है । वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों के कृत्य पर पृथक से धारा 151, 107,116(3) सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया । जहां पेश किए गए पांचों आरोपियों का जेल वारंट जारी करने पर पुलिस ने आरोपियों को जेल दाखिल किया है । वर्तमान में जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है । जिला पुलिस किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सख्त कार्यवाही करेगी । पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा मामले में संलिप्त प्रत्येक आरोपी पर सख्त कार्यवाही के निर्देश थाना प्रभारी को दिए गए हैं । थाना प्रभारी चक्रधर नगर व उनकी टीम द्वारा फरार आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है। पुलिस शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले असामाजिक, बदमाश व आपराधिक तत्वों पर आगे भी कठोर कार्यवाही रखेगी ।

## रिटायर्ड तहसीलदार को वीडियो कॉल कर बनाया अश्लील वीडियो

### जालसाजों ने धमकाकर ऐंठे लाखों रुपये, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र के अरपा ग्रीन्स कॉलोनी में रहने वाले एक रिटायर्ड तहसीलदार से अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये वसूलने का मामला सामने आया है. पीड़ित ने घटना की शिकायत संभागीय साइबर थाने में की है. मामले की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, कोनी के अरपा ग्रीन्स कॉलोनी में रहने वाले 70 वर्षीय शंकर पाटले रिटायर्ड तहसीलदार हैं. उन्होंने पुलिस को शिकायत की है कि बीते 8 मार्च की रात उनके मोबाइल पर अनजान नंबर देर रात वीडियो कॉल आया. कॉल में किसी का चेहरा नहीं



दिख रहा था. सीने और प्राइवेट पार्ट्स को दिखाते हुए कुछ देर बाद ही कॉल काट दिया गया. दूसरे दिन सुबह उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया. फोन करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम डीएसपी बताते हुए अश्लील वीडियो इंटरनेट पर अपलोड करने की बात कही और डिलीट कराने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया. फिर बदनामी का डर दिखाकर वसूली शुरू कर दी गई. बदनामी के डर से रिटायर्ड अधिकारी ने जालसाजों को 10 लाख रुपये दे दिए. इसके बाद जालसाज और रुपयों की मांग करने लगे. जिससे परेशान होकर रिटायर्ड तहसीलदार ने घटना की शिकायत संभागीय साइबर थाने में की है. पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर जांच कर रही है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा को नहीं मिली सरकारी गेस्ट हाउस के टॉयलेट का इस्तेमाल करने की इजाजत

## आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर गेस्ट हाऊस के केयर टेकर ने रोका



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम को सरकारी गेस्ट हाउस का टॉयलेट इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं मिली. आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर गेस्ट हाऊस के केयर टेकर ने शौचालय जाने से रोक दिया।

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में वीडियो शेयर करते हुए पूरे वाकये का हवाला दिया है. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि आज छत्तीसगढ़ में भाजपा की घृणित और महिला विरोधी मानसिकता का और उदाहरण सामने आया. बिलासपुर के छत्तीसगढ़ भवन के सरकारी गेस्ट हाउस में मुझे और छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और एक आदिवासी राज्यसभा सदस्य फूलो देवी नेताम को आचार संहिता का हवाला देते हुए शौचालय का इस्तमाल करने से रोका गया. अंतः हमें सरकारी गेस्ट हाउस के बजाय बाहर किसी अन्य जगह पर जाना पड़ा. छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार बताए कि चुनाव आयोग के किस नियम के तहत, महिलाओं द्वारा शौचालय का इस्तमाल करना आचार संहिता का उल्लंघन है? चुनावी राजनीति के फेर में और कितना नीचे गिरेगी भाजपा?

# कथा की आड़ में प्रचार, बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय को नोटिस

## बागेश्वर सरकार की कथा में आचार संहिता का उल्लंघन पर निर्वाचन अधिकारी ने किया जवाब तलब



**चिरमिरी/कोरबा।** कोरबा लोकसभा में आचार संहिता का उल्लंघन पर पहली बड़ी कार्रवाई सामने आई है। भाजपा प्रत्याशी को कथा की आड़ में राजनीतिक प्रचार-प्रसार के मामले में नोटिस जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चिरमिरी में श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की श्री राम कथा का आयोजन 26 अप्रैल 2024 को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, गोदरीपारा चिरमिरी में आयोजित किये जाने हेतु सर्शत अनुमति दी गई थी।

इसके पूर्व अशोक श्रीवास्तव अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी एम.सी.बी. (छग) द्वारा सहायक रिटर्निंग अधिकारी, कोरबा लोकसभा क्रमांक-4 से शिकायत कर अवगत कराया गया था कि उक्त कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कोरबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे एवं छ.ग. सरकार के मंत्रियों के फोटो फ्लेक्सी लगाकर किया जा रहा है साथ ही इनकी फोटो फ्लेक्सी को नगर निगम चिरमिरी और नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ में कई सरकारी बिजली के खंभों में लगाया गया है जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है जिस कारण उक्त कार्यक्रम को रद्द किये जाने की मांग की गई। इधर उक्त कार्यक्रम का उड़नदस्ता व वीडियों निगरानी दल द्वारा कार्यक्रम स्थल पर की गई वीडियोग्राफी में उक्त कार्यक्रम स्थल के बाहर श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भा.ज.पा. के गमछे पहनाकर राजनैतिक पार्टी का प्रचार-प्रसार किया जाना पाया गया।जिससे यह परिलक्षित हुआ है कि धार्मिक आयोजन की आड़ में राजनैतिक हित साधने का प्रयास किया गया है। लोकसभा क्षेत्र क्रमाक-04 कोरबा मनेन्द्रगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मनेन्द्रगढ़, खंडगवा, चिरमिरी के चौक-चौराहों में शासकीय परिसम्पतियों पर भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी द्वारा श्री बागेश्वर धाम सरकार की फोटो के साथ पोस्टर चस्पा कर राजनैतिक प्रचार-प्रसार किया गया है। जो कि स्पष्टतः आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन है। इस सम्बंध में प्रत्याशी सरोज पांडेय को नोटिस जारी किया गया है। कथा कार्यक्रम को राजनैतिक प्रयोजनार्थ आयोजित कार्यक्रम मानते हुए, इस कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रचार-प्रसार में हुए व्यय को राजनैतिक पार्टी के उपगत खर्च के व्यय लेखा में शामिल किया जावे तथा इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जावे। सरोज पांडेय को अपना पक्ष 29 अप्रेल के पूर्व प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

# शिवसेना ने बीजेपी को दिया समर्थन, बृजमोहन अग्रवाल को रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीत दिलाने की कही बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अलग-अलग दल के नेता-कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो रहे है. इस कड़ी में आज रायपुर जिले के शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर अपना समर्थन देते हुए 8 लाख से ज्यादा मतों के अंतर से रिकॉर्ड तोड़ जीत दिलाने की बात कही है।



मीडिया को जानकारी देते हुए शिवसेना दल के जिला महासचिव राकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा हिंदुओ के लिए काम करती है, और महाराष्ट्र में पीएम मोदी ने शिवसेना दल से मुख्यमंत्री एकानाथ शिंदे को बनाया है, इसीलिए हम सभी छत्तीसगढ़ में हजारों कार्यकर्ता आम जनता को बीजेपी को वोट देने की अपील कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे। प्रदेश सचिव कृष्णा यादव ने बताया कि भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने बहुत सारे काम किए हैं. वर्तमान में शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल काफी लोकप्रिय हैं. वे हम सभी के करीब हैं, हम शुरू से उन्हें देखते आ रहे हैं. उनकी लोकप्रियता को देखते हुए सभी शिवसेना दल के कार्यकर्ताओं ने यह फैसला किया है कि हम बीजेपी को समर्थन करेंगे और कार्यकर्ता सहित आम जनता को वोट देने की अपील करेंगे। शिवसेना दल के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में भगवान राम मंदिर में लोगों को दर्शन करने का लाभ मिला है, और चाहे युवाओं के लिए हो महिलाओं के लिए हो सभी के लिए भाजपा सरकार ने काम किया है. मैं खुद रायपुर दक्षिण में रहता हूं. बृजमोहन अग्रवाल वहां काफी लोकप्रिय है, सभी के प्रिय है इसीलिए शिवसेना दल के कार्यकर्ता बीजेपी को समर्थन करेंगे, और इस बार बृजमोहन अग्रवाल को 8 लाख से ज्यादा वोट की लीड दिलाकार रिकॉर्ड तोड़ जीत दिलाएंगे।

## प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करने का आरोप, रिद्धि-सिद्धि कालोनीवासियों ने की थाने में शिकायत

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है. कॉलोनी वासियों ने मामले की शिकायत बसंतपुर थाने में की है. वहीं मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राजनांदगांव शहर के रिद्धि- सिद्धि कॉलोनी के रहवासियों बसंतपुर थाने में की गई शिकायत में बताया कि पिछले कुछ महीने से कॉलोनी में स्थित एक केरला भवन में ईसाई समुदाय द्वारा रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित किया जा रहा है. इसमें भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा और रुपयों का लालच देकर कर हिंदू समुदाय के लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी वासियों की शिकायत पर केरला भवन के प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले को पुलिस ने थाने में तलब किया. प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले ने पुलिस को बताया कि धर्म परिवर्तन नहीं कराया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हम शांति के साथ रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं. इस सभा में लोग कई सारी समस्याएं लेकर आते हैं, जिनकी समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने कहा कि आज भी रविवार होने के चलते प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था, इस दौरान कुछ लोग आए और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करने लगे. वहां के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तोड़फोड़ दिए. वहीं इस मामले में बसंतपुर थाने के प्रभारी सत्य नारायण देवांगन ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है, जिस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अरुण गुप्ता ने कहा कि हिंदू समुदाय के लोगों का जबरदस्ती धर्मांतरण कराया जा रहा है, उन्हें बलपूर्वक बाइबल पढ़ाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि धर्मांतरण करवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



# वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया में अपमानजनक पोस्ट, समर्थकों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**दंतेवाड़ा।** वित्त मंत्री और रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया में किए गए आपत्तिजनक पोस्ट पर दंतेवाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस ने जांच कर मामले में दोषी पाए जाने पर युवक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन शिकायतकर्ताओं को दिया है। दंतेवाड़ा निवासी मुकेश शर्मा, दंतेवाड़ा जिला पंचायत सदस्य रामराम नेताम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य व दंतेवाड़ा आदिवासी युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल सिंह ठाकुर व साजन सिंह गौतम द्वारा दर्ज कराई गई थाने में शिकायत में बताया कि रायगढ़ के ग्राम गोर्रा निवासी केशव पटेल उर्फ सोनू पटेल पिता भूपदेव सिंह पटेल लंबे समय से सोशल मीडिया साइट्स पर ओपी चौधरी को लेकर लंबे समय से अपमानजनक पोस्ट और टिप्पणियां की जा रही है. इससे न सिर्फ सूबे के वित्त मंत्री और रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, बल्कि उनके गृह ग्राम बायंग निवासियों के प्रति भी घृणा, वैमनश्यता, आक्रोश और शत्रुता उत्पन्न करने की कुचेष्टा की जा रही है। शिकायत के साथ आरोपी युवक द्वारा पूर्व में सोशल मीडिया साइट पर किए गए कुछ आपत्तिजनक पोस्ट्स का हवाला देते हुए बताया कि रायगढ़ नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी को लेकर भी पोस्ट किया गया है. वहीं एक पोस्ट में यह भी लिखा गया है कि ओपी चौधरी की औकात बताने के लिए 2 मिनट नहीं लगेगा. बहरहाल, दंतेवाड़ा पुलिस ने शिकायतकर्ता युवकों को आश्वासन दिया गया है कि विवेचना उपरांत मामले में दोषी पाए जाने पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी.




अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547